**परियोजना का नामः– चमोली जनपद के विकासखण्ड थराली के अन्तर्गत थराली नगर पंचायत पेयजल योजना निर्माण कार्य हेतु वनभूमि प्रस्ताव।**

## प्रतिवेदन

**(परियोजना के सम्बन्ध में संक्षिप्त विवरण)**

जनपद चमोली के विकासखण्ड़ थराली के अन्तर्गत थराली नगर पंचायत पेयजल योजना अनुमानित लागत रू0 413.84 लाख का निर्माण बाह्य सहायतित कार्यक्रम (ई.ए.पी.) के अन्तर्गत किया जाना प्रस्तावित है जिस हेतु योजना के प्रथम चरण के लिए उत्तराखण्ड़ शासन के शासनादेश सं0 823/उन्तीस(2)19–2(11–पे0)2019 दिनांक 28 जून 2019 द्वारा भूमि प्रबन्धन/वनभूमि स्वीकृति हेतु रू0 13.55 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुई है। भूमि प्रबन्धन/वनभूमि की स्वीकृति के उपरान्त निर्माण कार्य हेतु केन्द्र सरकार से वित्त पोषण किया जाना है। थराली नगर पंचायत में वर्तमान में 40 एल.पी.सी.डी. की दर से पानी उपलब्ध हो रहा है। नगर क्षेत्र के मानक के आधार पर 135 एल.पी.सी.डी. की दर से पेयजल उपलब्ध कराये जाने की शासन की नीति है। योजना की डिजाईन अवधि आगामी 30 वर्ष अर्थात वर्ष 2052 रखी गयी है, तथा उक्त डिजाईन वर्ष में 10965 की जनसंख्या लाभान्वित होगी एवं वर्तमान में नगर पंचायत थराली के 04 (चार) वार्ड की लगभग 7745 जनसंख्या को पेयजल उपलब्ध होगा। इस योजना के निर्माण से क्षेत्र की जनता को रोजगार भी उपलब्ध होगा। इस परियोजना हेतु 0.825 है0 आरक्षित वन भूमि एवं 0.54 है0 वन पंचायत भूमि 30 वर्षो हेतु लीज पर लिया जाना प्रस्तावित है, इस प्रस्तावित भूमि में वन सम्पदा को क्षति होने की सम्भावना नहीं है। अतः उक्त कार्य जनहित में किया जाना अति आवश्यक है।

Executive Engineer
Constuction Division
Uttarakhand Pey Jal Nigam
Karanprayag (Chamoli)

अधिशासी अभियन्ता